निवाण टाइम्स

NIRC के गाजियाबाद चैप्टर ने Fitindia के तहत किया वॉकथॉन

October 5, 2019

निवाण टाइम्स संवाददाता
गाजियाबाद :- इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 51 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार के ICSI के NIRC के गाजियाबाद चैप्टर ने एक वॉकथॉन का आयोजन किया। यह वॉकथॉन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की चीफ गेस्ट दिल्ली प्रदेश मंत्री सुश्री गुंजन नरूला रहीं। कार्यक्रम में सबसे पहले डा. सीएस शिशोदिया के मार्गदर्शन में एक लघु योग सत्र का आयोजन किया गया। गुंजन नरूला ने सभी प्रतिभागियों को फिटनेस प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। योग सत्र के बाद इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क में लगभग तीन किमी तक पैदल यात्रा की गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष सीएस आरती जैन, वाइस चेयरपर्सन सीएस साक्षी मित्तल, सचिव सीएस सोनल जैन, गाजियाबाद चैप्टर की प्रबंधन समिति के सदस्य सीएस निमिशा मदान और सीएस अर्जुन त्यागी उपस्थित थे। सीएस मुनीश शर्मा, सीएस मनोज जैन, सीएस प्रणव कुमार, सीएस शालिनी अग्रवाल समेत वरिष्ठ पेशेवर भी शामिल रहे जिन्होंने वॉकथॉन में भाग लिया और इसे सफल आयोजन बनाया।